**सौगात** | एएसआई के उपमंडल कार्यालय का राज्यमंत्री ने किया उद्घाटन, जिला विरासत व पुरातत्व की दृष्टि से महत्वपूर्ण है

# ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण को मिलेगी नई दिशा : लोधी





**नवभारत, दमोह 12 मार्च।** जिले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का उपमंडल कार्यालय शुरू होने से जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन को नई दिशा मिलेगी। अब तक पुरातत्व से संबंधित कार्यों और फाइलों के लिए अधिकारियों को जबलपुर जाना पड़ता था, जिससे काफी समय लगता था, लेकिन अब कार्यालय जिले में ही उपलब्ध होने से प्रक्रियाएं अधिक तेज और सुविधाजनक हो जाएंगी।

इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, जबलपुर मण्डल के अंतर्गत उप-मण्डल कार्यालय दमोह के उद्घाटन के दौरान व्यक्त किये। राज्यमंत्री ने कहा कि दमोह जिला विरासत और पुरातत्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### अनेक ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल मौजूद

उन्होंने कहा कि जिले में नोहटा का शिव मंदिर, कोडल का प्राचीन शिव मंदिर, बांदकपुर धाम और कुंडलपुर धाम जैसे अनेक ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल मौजूद हैं। ऐसे में एएसआई के उपमंडल कार्यालय के खुलने से इन धरोहरों के संरक्षण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले के ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित करने की योजना बनाई जा रही है।

### नोहटा क्षेत्र में किए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्य

राज्यमंत्री ने कहा कि नोहटा क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए डिवाइडर और सौंदर्यीकरण जैसे कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही रानी दमयंती के किले का लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार कराया जाएगा, जहां लाइट एंड साउंड शो की भी व्यवस्था प्रस्तावित है।विधायक जयंत मलैया ने कहा कि एएसआई के लिए पुराने गिरजाघर भवन का उपयोग किया जा रहा है, जो एक अच्छा और उपयोगी निर्णय है।

### पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

उन्होंने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की सराहना करते हुए कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र पांचवीं से आठवीं शताब्दी की ऐतिहासिक धरोहरों से समृद्ध है। एएसआई कार्यालय के शुरू होने से इन धरोहरों के संरक्षण के साथ-साथ उन स्थानों का भी पता लगाया जा सकेगा, जो अभी तक व्यापक रूप से सामने नहीं आ पाए हैं। उन्होंने कहा कि इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और आने वाले समय में दमोह एक महत्वपूर्ण पर्यटन केंद्र के रूप में उभर सकता है।

### महत्वपूर्ण सौगात मिली : श्याम

भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा एएसआई का कार्यालय खुलने से न केवल जिले की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण कार्य को गति मिलेगी, बल्कि दमोह को इसका सीधा लाभ भी प्राप्त होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी पहल से दमोह जैसे ऐतिहासिक जिले को यह महत्वपूर्ण सौगात मिली है।

### संरक्षित स्मारकों के संरक्षण में मिलेगी सुविधा : बाजपेयी

अधीक्षण पुरातत्वविद् भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) शिवाकांत बाजपेयी ने बताया कि दमोह में एएसआई के उप-मंडल कार्यालय की स्थापना से जिले के राष्ट्रीय महत्व के संरक्षित स्मारकों की देखरेख और संरक्षण कार्यों में काफी सुविधा मिलेगी। अभी तक इन स्मारकों का संचालन सागर उप-मंडल कार्यालय के माध्यम से किया जाता था, लेकिन अब दमोह में अलग कार्यालय होने से पुरातात्विक गतिविधियों को गति मिलेगी।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, डॉ. आलोक गोस्वामी, भरत यादव, हरिशचंद्र पटेल (गुड्डू पटेल), संतोष रोहित, कृष्णा पटेल, गौरव पटेल, विशेष रूप से मौजूद रहे। संचालन डॉ. आलोक सोनवलकर ने किया।




# महिलाएं हर क्षेत्र में बना रहीं अपनी पहचान : देवी

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित**

**नवभारत,दमोह 12 मार्च।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस मुख्यालय (महिला सुरक्षा शाखा) भोपाल व पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में 12 मार्च को महिला सुरक्षा शाखा दमोह द्वारा पुलिस सभागार दमोह में एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

इसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया.कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया व उप पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा) देवी सिंह ठाकुर ने महिलाओं की सुरक्षा, उनके अधिकारों और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला. वक्ताओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियों व अस्वीकार योग्य घटनाओं के संबंध में सजग रहने हेतु उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया. उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं और उनकी सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है.

**महिलाओं को किया गया सम्मानित**-सभागार में आयोजित समारोह में नगर की गणमान्य महिलाएं, जिनमें जस्टिस जेंडर स्काई ग्रुप की महिलाएं, जिला योजना समिति की सदस्य व पार्षद कविता राय, कांग्रेस नेत्री एड. निधि श्रीवास्तव,भाजपा नेत्री ऋतु पांडे व महिला पुलिस कर्मियों सहित अन्य महिलाओं को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया.

## एक नजर में

### एसडीएम और सीईओ ने संभाला कार्यभार



**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** नगर में दो अधिकारियों तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरभ गंधर्व दमोह एसडीएम पद पर पदस्थ हुए, वहीं नगर परिषद सीएमओ पीयूष अग्रवाल गढ़ाकोटा सीएमओ पदस्थ किए गए है. एसडीएम सौरभ गंधर्व की जगह छोटेलाल गोस्वामी ने तेंदूखेड़ा एसडीएम का चार्ज लिया है, वहीं नगर परिषद पद पर प्रेम सिंह चौहान ने प्रभार ग्रहण किया है. ज्ञात हो की पूर्व में प्रेम सिंह चौहान नगर परिषद तेंदूखेड़ा के सीएमओ रह चुके है. दोनों ही अधिकारियों का स्थानांतरण होने से नगर में कई तरह की चर्चा है.

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक स्थगित

**नवभारत,दमोह।** बुधवार 12 मार्च को जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तावित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार बैठक की आगामी तिथि पृथक से सूचित की जाएगी।



### शार्ट सर्किट से लगी आग, फसल हुई खाक

**नवभारत, पथरिया 12 मार्च।** ग्राम सूखा में नंदकिशोर कुर्मी के गेहूं के खेत में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से करीब एक एकड़ भूमि की फसल नष्ट हो गई। बताया जाता है कि खेत में बिजली की डोरी डली हुई थी, जिसमें कट होने से शार्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिससे करीब एक एकड़ की फसल जलकर खाक हो गई। लगभग 7 एकड़ में गेहूं की पकी फसल खड़ी है एवं आसपास भी फसलें है। समय पर सूझबूझ से ट्रैक्टर से बखरनी करने और फसल में थोड़ी नमी होने के वज़ह से आग पर काबू पा लिया गया। नंदकिशोर ने सभी किसानों से अपील की है कि वर्तमान में सभी के खेतों में पकी फसलें खड़ी हुई हैं, बिजली से शार्ट सर्किट की घटनाएं हो रही हैं, इसलिए विशेष सावधानी बरते।



### अधिकारियों ने कच्चे मार्गों का लिया जायजा

**नवभारत,दमोह।** हटा के मड़ियादो में प्रदर्शन के बीच नायब तहसीलदार राजेश सोनी, सीईओ संजीव गोश्वामी, बिजली विभाग अधिकारी और पीएम सड़क निर्माण अधिकारी मौके पर,कच्चे मार्गो का जायजा लिया.




### सड़क हादसे में दो गंभीर घायल

**नवभारत, दमोह.** देहात थाना की सागर नाका चौकी के समीप भीषण सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे 112 डायल से प्रधान आरक्षक सत्येंद्र ने भर्ती कराया हैं.

### कुण्डलपुर में विशुद्ध सागर महाराज का आगमन कल

**नवभारत,हटा 12 मार्च।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र,जैन तीर्थ कुण्डलपुर की पावन धरा पर गणाचार्य 108 विरागसागर महाराज के प्रभावक शिष्य श्री 108 विशुद्धसागर जी महाराज ससंघ का 14 मार्च शनिवार को प्रात: 8:00 बजे भव्य मंगल प्रवेश होने जा रहा है। प्रचार मंत्री जयकुमार जैन जलज ने बताया कि आचार्य संघ बड़े बाबा के मंदिर पहुंचकर बड़े बाबा के दर्शन करेंगे। आचार्य संघ की आहारचर्या कुण्डलपुर में संपन्न होगी। श्रद्धालु भक्तों से अनुरोध किया गया कि कुण्डलपुर पधारकर आचार्य ससंघ की भव्य अगवानी में उपस्थिति प्रदान करके सातिशय पुन्यार्जन करें।





# ग्रामीण बैंक ने ग्रामीणों को किया जागरुक

**अटल पेंशन व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की दी जानकारी**

**नवभारत, जबेरा 12 मार्च।** मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा नाटक नुक्कड़ के माध्यम से साइबर ठगी व प्रधानमंत्री बीमा योजना के लिए जागरूक किया जा रहा है.ब्रांच मैनेजर स्वतंत्र सक्सेना के निर्देशन में बस स्टैंड जबेरा में नाटक नुक्कड़ का आयोजन किया गया.

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साइबर ठगी से बचाव के बारे में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि साइबर ठगी गांव-गांव में बढ़ रही है एक ओटीपी, एक क्लिक और लालच से आपकी मेहनत की कमाई छिन सकती है. इसलिए किसी के साथ भी ओटीपी शेयर न करें, यदि सायबर ठगी का शिकार होते हैं.तो तुरंत 1930 पर कॉल करें. इसके उपरांत दुर्घटना बीमा योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी दी. जिसमें एक वर्ष की मामूली प्रीमियम 20 रुपए व 436 रूपये देकर 2 लाख रूपये का बीमा योजना का लाभ ले सकते हैं.

### अटल पेंशन योजना की दी जानकारी

इसके उपरांत अटल पेंशन योजना की जानकारी दी, जिसमें कम से कम निवेश कर बुढ़ापे में अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं. इस दौरान ब्रांच मैनेजर स्वतंत्र सक्सेना, स्टाफविनय प्रभाकर,रवि सेन मैसेंजर मनोज मेहरा की उपस्थिति रही.

### अनिल राठौर प्रभारी कलेक्टर का प्रभार आज संभालेंगे



**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर सुधीर कोचर ने बताया कि वे दिनांक 13 से 20 मार्च तक अवकाश पर रहेंगे. इस अवधि में अनिल राठौर, जो वर्तमान में जबलपुर में पदस्थ हैं. 13 मार्च से प्रभारी कलेक्टर के रूप में कार्यभार संभालेंगे. कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि वे 21 मार्च को पुन: अपने कर्तव्य पर लौट आएंगे.

### खेजरा धाम में संगीतमय श्रीमदभागवत कथा शुरू

**दमोह।** श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 11 से 17 मार्च तक पंडित संजय शास्त्री के मुखारबिंद से खेजरा धाम मंदिर में दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक कथा शुरू हो गई है. कथा बैठकी पर कलश यात्रा सागर नाका पुलिस चौकी स्थित मां संतोषी माता मंदिर से प्रारंभ होकर खेजरा धाम मंदिर प्रांगण पहुंची. कलश यात्रा मंदिर प्रांगण पहुंची जहां आचार्य पंडित जी ने कथा व्यास पूजन कराया.



# मंदिर व शासन की भूमि का किया सीमांकन

**जागेश्वरनाथ कारीडोर निर्माण को लेकर पर्यटन विभाग की टीम ने की मार्किंग**

**नवभारत, दमोह 12 मार्च।** श्री जागेश्वर नाथ कारीडोर निर्माण कार्य को लेकर भोपाल, इंदौर से आई पर्यटन विभाग की टीम ने राजस्व विभाग, मंदिर कमेटी सदस्यों के साथ मिलकर,मंदिर व शासन की भूमि का सीमांकन कर मार्किंग की.

श्री जागेश्वर नाथ कारीडोर निर्माण को लेकर दूसरे व तीसरे चरण की तैयारी चल रही है. दूसरे चरण के कार्य का टेंडर लग चुका है, जिसमें निर्माण कार्य के लिए 13 करोड़ रुपए की राशि भी जारी हो चुकी है. गुरुवार को बांदकपुर पहुंच पर्यटन विभाग की टीम ने कारीडोर निर्माण में जिस भूमि का उपयोग किया जाना है. उक्त भूमि का सीमांकन कर मार्किंग की जिसमें मंदिर मुख्य द्वार मेला मैदान से होते हुए बस स्टेंड, रूद्रमैदान,से होते हुए मंदिर के पीछे मंदिर कालोनी झंडा बाजार, अनेक स्थानों पर मार्किंग की गई.

**कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की मांग**

श्री जागेश्वर नाथ भक्त मंडल शिवभक्तों का कहना है कि निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा एक साल बीत जाने पर प्रथम चरण का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया. कार्य की गति बढ़ाई जाए गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए. इस अवसर पर नीरज शुक्ला उपयंत्री, अनुजोए मुखजी, आरके पटेल, अखिलेश प्रभाकर चांदोलकर, नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह, आरआई मिश्रा, पटवारी आशीष साहू, शंकर गौतम सहित अन्य शिव भक्त मौजूद रहे।

# सुनार नदी में करंट लगने से युवक की मौत

**हटा पुलिस प्रकरण दर्ज कर जांच में जुटी**



**नवभारत, हटा 12 मार्च।** नगर के नानाघाट रेस्टहाउस के पास शास्त्री वार्ड स्थित सुनार नदी में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 और हटा थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली, वहीं विद्युत विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई.

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान परम राम रैकवार के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि सुबह नदी की ओर जा रहे बलधारी पटेल ने एक युवक को नदी में मृत अवस्था में पड़ा देखा. उन्होंने तुरंत इसकी सूचना परिजनों को दी. इसके बाद परिजनों ने युवक को नदी से निकालकर घर के समीप लाकर रखा. मृतक की पत्नी ने बताया कि उनके पति बीती रात से घर नहीं लौटे थे. वह कभी-कभी खाना बनाने के ऑर्डर पर काम करते थे और परिवार के पालन-पोषण के लिए मछली पकड़ने का कार्य भी करते थे .परिवार में वे ही एकमात्र कमाने वाले थे.

### परिजनों के बयान के आधार पर पंचनामा किया तैयार

परिजनों का आरोप है कि नदी के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन के कारण करंट फैलने से यह हादसा हुआ है. कुछ देर बाद बिजली विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और परिजनों के बयान के आधार पर पंचनामा तैयार किया.

# ऋषभदेव ने मानवता को समृद्ध जीवन जीने का मार्ग दिखाया

**भगवान आदिनाथ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव मनाया गया**



**नवभारत, हटा 12 मार्च।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र जैन तीर्थ कुण्डलपुर में वैराग्य पथ के प्रथम पथिक, युगादिदेव, आदि ब्रह्मा, धर्मतीर्थ प्रवर्तक, जैनधर्म के प्रथम तीर्थंकर, आदिपुरुष, षट्कर्मों के प्रणेता भगवान श्री आदिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव चैत कृष्ण नवमी गुरुवार को हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया।

भगवान ऋषभदेव आदिनाथ ने इस कलि काल में भटकती मानवता को सभ्य, सुरक्षित और समृद्ध जीवन जीने का मार्ग दिखाया था। उन्होंने न केवल मोक्ष मार्ग का उपदेश दिया बल्कि संसार में स्वावलंबी जीवन जीने की नींव भी रखी।वे संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक थे। प्रचार मंत्री जयकुमार जैन ने बताया कि प्रात: कुण्डलपुर कार्यालय से कुण्डलपुर पर्वत पर स्थित बड़े बाबा मंदिर तक प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद भक्तामर महामंडल विधान, बड़े बाबा महामंडल विधान, बड़े बाबा आदिनाथ भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, शांति विधान हुआ। इस अवसर पर प्रथम अभिषेक, शांति धारा, रिद्धि कलश, छत्र चंवर स्थापित करने का सौभाग्य कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष मोदी चंद्रकुमार सराफ सरोज आलोक अमित आयुष सपना श्वेता अनन्या आर्या सराफ परिवार दमोह,नवीन संगीता नमन नेहा श्रेयान जैन परिवार दिल्ली, नितिन अमृता अवनी आरना जैन भोपाल, रमेशचंद अनीता विकास जैन दिल्ली, चंदा देवी अनिल संजीव जैन गंजबासौदा,स्वप्न सतीश जैन इंदौर, पुष्पा देवी मुकेश मानसी आर्या जैन गंजबासौदा, कपूरचंद आशीष दिशान जैन दुर्ग आदि को मिला।




# जिला पंचायत दमोह की टीम बनी विजेता

**कबड्डी प्रतियोगिता का समापन**

**नवभारत,दमोह 12 मार्च।** पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत नवाचार व पारंपरिक खेल प्रोत्साहन हेतु जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन इंदौर खेल स्टेडियम सिविल वार्ड में किया गया. जिसमें 8 जनपद पंचायत में भाग लिया। फाइनल मैच जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा व जिला पंचायत दमोह के बीच खेला गया, जिसमें जिला पंचायत दमोह ने जीत दर्ज कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

अतिथि के रूप में गौरव रंजीत पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रीति ठाकुर मंचासीन रहीं। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे, प्रभु शंकर पांडेय, सौरभ सिलेट, प्रशांत ठाकुर, मनीष पटेल, निखिल पाटकर, वेद प्रकाश रैकवार व गौरव सेन व समस्त जनपद पंचायतों के ब्लॉक समन्वयक उपस्थित रहे. निर्णायक की भूमिका सुधीर पटेल, मानवेंद्र सिंह लोधी, तनु अहिरवार, गुड़िया पटेल, मुस्कान पटेल, अनुपम पाल व शैलेंद्र कुमार चौधरी, धीरेंद्र अहिरवार ने निभाई।

# डॉ . सोनल प्रांतीय महिला कार्य प्रमुख नियुक्त

**स्वदेशी जागरण मंच की राष्ट्रीय परिषद बैठक आयोजित**

**नवभारत, दमोह।** जयपुर में आयोजित स्वदेशी जागरण मंच की राष्ट्रीय परिषद बैठक के अवसर पर संगठन की सक्रिय कार्यकर्ता डॉ. सोनल राय को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपते हुए। प्रांतीय महिला कार्य प्रमुख नियुक्त किया गया है।

कार्यक्रम जयपुर में आयोजित हुआ, जिसमें भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री, राजस्थान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय संयोजक आर. सुंदरम ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय संगठनकर्ता कश्मीरी लाल ने स्वदेशी विचार की वर्तमान समय में आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. सोनल राय को नई जिम्मेदारी प्रदान करते हुए संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में महिला कार्यों को नई दिशा, गति और मजबूती प्राप्त होगी।



### स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने वाले उद्यमी सम्मानित

कार्यक्रम में स्वदेशी स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत प्रदर्शनी का उद्घाटन व उद्यमी सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने वाले उद्यमियों को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व डॉ. सोनल राय संगठन में प्रांत महिला सह प्रमुख के दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक महेंद्र सिंह मंगो, राजस्थान सरकार के मंत्री मदन दिलावर तथा जवाहर सिंह बेढम भी उपस्थित रहे।